# उद्योगों की रिक्त भूमि के लिए नीति बनाएं: नंदी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं कि वर्षों से खाली पड़ी और निष्प्रयोज्य औद्योगिक भूमि पर पुनः उद्योग स्थापित करने के लिए अधिकारी बाई बैक पॉलिसी बनाएं। जिस पर अधिकारियों ने कहा कि ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है शीघ्र ही पॉलिसी बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

नन्दी ने शून्य-त्रुटि नीति पर बल देते हुए न्यूनतम समय में अधिकतम परिणाम हेतु तीव्र क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री नन्दी ने सर्वेक्षण पद्धति, आवंटित औद्योगिक भूखंडों के उपयोग तथा औद्योगिक क्लस्टरों में प्रगति संबंधी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा। अधिकारियों ने अवगत् कराया कि सर्वेक्षण की अंतिम समेकित रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाएगी।